रविवार
11 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



मां को मौत के घाट उतार फरार हुआ कलियुगी पुत्र, जांच में जुटी पुलिस 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## काशी में जी-20 शिखर सम्मेलन का होगा बड़ा आयोजन : विदेश मंत्री

**एजेंसी/वाराणसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि देश के 55 शहरों में जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत कार्यक्रम होंगे। इन शहरों में से एक काशी में भी बड़ा आयोजन होगा। दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को काशी पहुंचे विदेश मंत्री के मुताबिक काशी में सबसे बड़े आयोजन के तौर पर यहां मंत्रियों की बैठक होगी। इसकी अध्यक्षता वे स्वयं करेंगे। जी-20 शिखर सम्मेलन से संबंधित वाराणसी में होने वाली प्रस्तावित बैठकों के स्थान और तैयारियों की समीक्षा के लिए विदेश मंत्री यहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि रविवार को विदेश मंत्रालय की टीम छह अलग-अलग बैठकों के लिए जगह चयन करने के साथ ही अतिथियों के स्वागत के लिए शहर में होने वाले कार्यों पर चर्चा करेगी।

### ग्रुप ऑफ 20 में इन देशों की है भागीदारी

ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी 20) में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके और यूएस और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

**काशी-तमिल संगमम एक बेहतर पहल:** काशी तमिल संगमम मैत्री खेल प्रतियोगिता के तहत बीएचयू में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उन्होंने शुभारंभ किया। एंफीथिएटर मैदान में लगाई गई प्रदर्शनी को उन्होंने अनूठी पहल बताया। कहा कि हम लोगों के लिए काशी तमिल संगमम एक नया अनुभव है।

## शानदार दोहरा शतकः बिहारी छोरे ईशान की आंधी में उड़ा बांग्लादेश



**एजेंसी/चटगांव**

बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में खेले गए तीसरे व अंतिम वनडे मुकाबले में टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज ईशान किशन ने इतिहास रच दिया। ईशान किशन ने यहां दोहरा शतक जड़ दिया और बांग्लादेशी बॉलिंग के परखच्चे उड़ा दिए। इसके साथ ही ईशान किशन वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। ईशान ने 126 बॉल में अपना दोहरा शतक पूरा किया, जिसमें उन्होंने 23 चौके और 9 छक्के जमाए। इस ऐतिहासिक पारी में ईशान किशन ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं. दोहरा शतक जड़ने के कुछ देर बाद ही ईशान किशन आउट हो गए और उनकी पारी 210 के स्कोर पर खत्म हुई। ईशान ने 131 बॉल में 210 रन बनाए, जिसमें 24 चौके, 10 छक्के शामिल रहे। वनडे क्रिकेट में भारत के लिए वह किसी एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर आ गए हैं।

- ईशान ने 131 बॉल में 210 रन बनाए, जिसमें 24 चौके, 10 छक्के शामिल रहे
- 86 बॉल में अपना शतक पूरा किया, इसके बाद मात्र 45 गेंद में 110 रन ठोक डाले

### भारत के लिए वनडे में सबसे बड़ी पारी

- रोहित शर्मा- 264
- वीरेंद्र सहवाग- 219
- ईशान किशन- 210
- रोहित शर्मा- 209
- रोहित शर्मा- 208*
- सचिन तेंदुलकर- 200*

### ईशान के धमाल से बिहार में जश्न

ईशान की लाजवाब बल्लेबाजी के दम पर भारत ने न केवल 409 रन बनाए बल्कि बांग्लादेश को 227 रनों से हराने में भी कामयाबी हासिल की। वह वनडे में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। ईशान के इस डबल धमाल से बिहार में जश्न का माहौल है। वह मूलरूप से बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले हैं। जहां उनके घर पर इस समय जश्न का माहौल है। ईशान के पिता प्रणव पांडेय और मां सुचिता सिंह को लोग बधाई दे रहे हैं।

### सीएम बोले... पूरे देश को गर्व

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पत्र जारी कर बधाई दी है। सीएम ने लिखा कि ईशान के इस प्रदर्शन पर बिहार समेत पूरा देश गर्व कर रहा है। इससे बिहार के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। बेटे की इस शानदार उपलब्धि पर ईशान के पिता ने कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही है। मुझे गर्व है कि मैं उसका पिता हूं। मेरे साथ-साथ ये पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है। मैं चाहता हूं कि वह इंडिया की जीत में हमेशा अपना कंट्रीब्यूशन दे।

राष्ट्रीय परिषद की बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने की तय की रणनीति

## अब यूपी में नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ेगी जदयू

**केटी न्यूज/पटना**



ललन सिंह दूसरी बार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। शनिवार को जदयू के राष्ट्रीय परिषद की बैठक में इस बात की घोषणा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित बिहार सरकार के तमाम मंत्री के साथ-साथ केसी त्यागी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जदयू की पहचान अब क्षेत्रीय पार्टी से निकलकर राष्ट्रीय पार्टी के रूप में होगी। इसके लिए ललन सिंह को अपने स्तर से मेहनत करने की जरूरत है। बैठक का आयोजन पटना के पार्टी कार्यालय स्थिति कपूर्री सभागार में किया गया।

नीतीश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जदयू अपने पार्टी का सदस्यता अभियान उत्तर प्रदेश में भी चलाएगी। इसके लिए उन्होंने केसी त्यागी को जिम्मेदारी दी। अब पार्टी 2024 में होने वाले चुनाव को टार्गेट करते हुए उत्तर प्रदेश में अपनी पैठ बनाकर नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को साधने पूरी की कोशिश में लगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्ययोजना बनायेंगे और जानकारी साझा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पुराने सदस्य बने रहेंगे, साथ ही नये सदस्यों को भी जोड़ा जायेगा। बैठक में देश भर से करीब 187 पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने और दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर ललन सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल में चलाये गये सदस्यता अभियान में पार्टी के 70 लाख सदस्य बनने पर पार्टी नेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान में हर वर्ग और तबके के लोगों को जोड़ने और इसे व्यापक रूप से चलाने की जरूरत है।

### नीतीश कुमार बोले... भाजपा कुढ़नी में जीत पर इतरा रही, अन्य जगहों पर हार पर चुप

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कुढ़नी में भाजपा की जीत पर कहा कि करीब तीन हजार वोट से जीतकर इतरा रहे हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में भाजपा की हार हुई। राजस्थान और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में भी भाजपा की हार हुई, तो इस पर कोई कुछ क्यों नहीं बोल रहा? सभी इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। राजद के पूर्व विधायक अनिल सहनी का नाम लिये बिना टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किए गये काम को लोग भूल जाते हैं। उनके पिताजी को राज्यसभा किसने भेजा था।

## भाजपा को हराने के लिए विपक्ष का एकजुट होना जरूरीः त्यागी

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने शनिवार को कहा कि भाजपा को जिन राज्यों में आमने-सामने की लड़ाई का सामना करना पड़ा है वहां बीजेपी की हार हुई है। इसलिए विपक्ष को एकजुट करने की जरूरत है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसे लेकर लगातार सम्पर्क कर रहे हैं। जदयू के राष्ट्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने पटना पहुंचे केसी त्यागी ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार की विपक्षी एकता की मुहीम को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि जदयू राष्ट्रीय परिषद की बैठक के पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि इस बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मिशन 2024 के लिए विपक्ष को एकजुट करने की पहल को लेकर भी चर्चा हुई है।

हालिया सम्पन्न हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के एमसीडी चुनाव का जिक्र करते हुए त्यागी ने कहा कि भाजपा को इन जगहों पर आमने-सामने की लड़ाई में हार का सामना करना पड़ा। इसलिए सभी लोगों को एक मंच पर लाने की कवायद जारी रहेगी। त्यागी ने विपक्ष को आगाह करते हुए कहा कि अगर सभी लोग एक मंच पर नहीं आएंगे तो गुजरात जैसे परिणाम होंगे। कुढ़नी में जदयू प्रत्याशी की हार पर बीजेपी ने कहा था कि जेडीयू कोई पार्टी नहीं है। इस पर केसी त्यागी ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियों पर हम कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे। अब पूरी की पूरी बीजेपी ही हमारे संपर्क में है। ऐसे सवालों का क्या हम जवाब देंगे।

## 800 करोड़ रु. से वाराणसी बनेगा विश्वस्तरीय स्टेशन

- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैंट रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण
- विश्वस्तरीय स्टेशन का मॉडल व डिजाइन भी देखा

**एजेंसी/वाराणसी**



रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैंट रेलवे स्टेशन वाराणसी को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। इसका खाका तैयार किया जा रहा है। विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने पर 800 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रेलमंत्री ने शनिवार की सुबह कैंट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन का मॉडल व डिजाइन भी देखा। रेलमंत्री ने साथ ही कहा कि डिजाइन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने का काम शुरू होगा। एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलने लगेंगी। भविष्य में वंदेभारत व बुलेट ट्रेन का संचालन होना है। इस लिहाज से यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी महत्वपूर्ण रहेगी।

**किसी प्रकार का दिखावा नहीं किया जाएगाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि अगले 50 वर्षों के यातायात को देखते हुए कैंट रेलवे स्टेशन को विकसित करने की कार्ययोजना बनाई जाए। इस पर अमल किया गया है। यात्री सुविधाएं बढ़ाने पर विशेष जोर है। रेलमंत्री ने कहा कि स्टेशन के पुनर्विकास में किसी प्रकार का दिखावा नहीं किया जाएगा। आम जनता की सुविधा व सहूलियत का ध्यान पहले रखा जाएगा।

**मिलेंगी ये सुविधाएंः** कैंट स्टेशन पर पहले दो नंबर गेट भवन का काम शुरू होगा। जब भवन बन जाएगा, फिर पहले नंबर के भवन का काम शुरू होगा। यह मल्टी लेवल स्टेशन होगा। एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलने लगेंगी। वॉकवे, एस्केलेटर, लिफ्ट, शॉपिंग मॉल, मेडिकल स्टोर, होटल, मल्टी लेवल पार्किंग, यात्री निवास आदि की सुविधाएं भी होंगी।




राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलवायु परिवर्तन पर जताई चिंता

## पर्यावरण न्याय पर विचार करे समाजः राष्ट्रपति

**एजेंसी/नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को मानवाधिकार दिवस के मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि गरीब देशों के लोग जलवायु परिवर्तन के होने वाले पर्यावरण प्रभावों से 'भारी कीमत' चुकाने जा रहे हैं। समाज को पर्यावरण न्याय पर विचार करना चाहिए। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कहा कि मनुष्यों को प्रकृति और जैव विविधता के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करना भी सीखना चाहिए और उसका अनुसरण करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हम पर्यावरण और मवेशी से जुड़े मानवाधिकार को कुचल रहे हैं। हमें इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर अभी इस ओर ध्यान नहीं देंगे तो आगे परेशानी होगी।

### पशु और पेड़ बोल सकते तो वो हमें क्या बताते

सभी प्राणियों के साथ समान व्यवहार पर बात करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मैं पूछती हूं कि अगर हमारे आसपास के जानवर और पेड़ बोल सकते तो वो हमें क्या बताते.. हमारी नदियां मानव इतिहास के बारे में क्या कहतीं और हमारे मवेशी मानवाधिकार के विषय पर क्या कहते। इस पर गहराई से मंथन करने की जरूरत है। हमने लंबे वक्त तक उनके अधिकारों को कुचला है और अब परिणाम हमारे सामने है। हमें सभी प्राणियों और उनके आवास स्थान से सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए।

### प्रकृति के साथ अच्छा व्यवहार करना दायित्व

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्रकृति से सम्मान के साथ व्यवहार करना हमारा ना केवल नैतिक दायित्व है, बल्कि हमारे अपने अस्तित्व के लिए भी आवश्यक है। प्रकृति के साथ समान बर्ताव करना हमें सीखना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि कि मैंने पहले भी कहा है कि हमें न्याय की धारणा का विस्तार करने का प्रयास करना चाहिए। पिछले कुछ वर्ष में दुनिया को असामान्य मौसम प्रवृत्तियों के कारण कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है। यह प्रकृति के साथ किए गए खिलवाड़ का ही परिणाम है। इस पर सही कदम उठाना जरूरी है।

# चिंतनीय : आरा मंडल कारा का वीडियो हुआ वायरल, कक्षपाल को शोकॉज

- कक्षपाल पर बिना अनुमति अनाधिकृत व्यक्ति से वीडियो वायरल कराने का आरोप
- अधीक्षक बोले: सरकारी कार्यक्रम का वीडियो गलत ढंग से किया गया वायरल

**केटी न्यूज/आरा**

मोबाइल बरामदगी को लेकर सुर्खियों में आया आरा मंडल कारा एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। इस बार जेल के अंदर एक वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें बंदियों को पारंपरिक खेल का प्रदर्शन करते और खाना बनाते देखा जा रहा है। वीडियो किसी न्यूज ग्रुप में चल रहा है। इधर, कारा अधीक्षक द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए कक्षपाल रवि रंजन कुमार को शोकॉज किया गया है। कक्षपाल पर साजिश के तहत बिना अनुमति सरकारी कार्यक्रम का वीडियो अनाधिकृत व्यक्ति को उपलब्ध कराने का आरोप लगाया गया है। इसे लेकर कारा अधीक्षक संदीप कुमार द्वारा जेल आईजी और भोजपुर डीएम को रिपोर्ट भी भेजी गयी है। उसमें अफसरों को जेल की पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए कक्षपाल रवि रंजन कुमार के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। बता दें कि शुक्रवार को एक यूट्यूब न्यूज ग्रुप की ओर से मंडल कारा का एक वीडियो वायरल करते हुए खबर चलायी गयी है। उसमें जेल में कार्यक्रम होता दिख रहा है। उस कार्यक्रम में कुछ बंदियों द्वारा कुछ लोगों को सम्मानित किया जा रहा है। ढोल नगाड़े बज रहे हैं और बंदियों द्वारा पारंपरिक खेल जैसे डंडा भांजने खेलते देखे जा रहे हैं। वायरल वीडियो में खाना बनते हुए भी दिखाया जा रहा है।




## सेल में डाले गये 30 बंदी

जेल की विधि-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले बंदियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इस कड़ी में तीस दागी बंदियों को सेल में डाल दिया गया है। इनमें अधिकतर वार्ड नंबर छह के बंदी हैं। इसके अलावा 36 अन्य बंदियों को दूसरे जेल में ट्रांसफर करने भी अनुशंसा की गयी है। ऐसा माना जा रहा है कि मुख्यालय से आदेश मिलने के बाद इन बंदियों को भागलपुर जेल भेजा जाएगा। कारा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि चिन्हित 30 बंदियों को सेल में डाला गया है। वहीं 36 बंदियों को दूसरे जेल में भेजने की अनुशंसा की गयी है। उन्होंने बताया कि जेल में लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

**कारा अधीक्षक ने कहा - गोवर्धन पूजा का है वीडियो :** कारा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि जेल में बंदियों में सुधार को लेकर कार्यक्रम होते रहते हैं। सभी कार्यक्रम ऑफिसियल होते हैं। उसका वीडियो और फोटोग्राफ सरकारी रेकॉर्ड में रखे जाते हैं। वायरल वीडियो पिछले साल के गोवर्धन पूजा का है। उसमें कुश्ती और खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। उसमें विजेता बंदी को मेडल और सर्टिफिकेट भी दिया गया था। बंदियों का उत्साहवर्द्धन भी किया गया था। कहा कि जेल में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### आग की चपेट में आने से महिला झुलसी

**जहानाबाद।** जिले में गैस सिलेंडर पर चाय बनाने के दौरान आग की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। आनन फानन में परिजनों ने उसे सदर अस्पताल लाया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। घटना घोसी थाना क्षेत्र के वैना गांव की है। दरअसल वैना गांव निवासी सीता देवी शनिवार को अपने घर मे गैस सिलेंडर पर चाय बना रही थी तभी थोडी सी लापरवाही के कारण महिला की साड़ी में अचानक आग पकड़ लिया और वह जलने लगी। महिला के चीख पुकार के बाद परिजन एवं आसपास के लोग जुट गए और किसी तरह आग पर काबू पाकर महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया।

### संपत्ति विवाद में बेटे ने परिजनों को पीटा

**जहानाबाद।** जिले में एक कलयुगी बेटे ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने ही पिता, दादा और छोटे भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना भेलावर ओपी क्षेत्र के बढ़ौना गांव की है। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। पिता ने बताया कि वह बैंगलोर में रहकर प्राइवेट जॉब करते है और वह आज ही घर आये थे। घर आने के बाद उनका बड़ा बेटा विकास कुमार संपत्ति बंटवारा को लेकर विवाद करने लगा। पिता द्वारा विरोध करने पर बेटे और बहू ने मिलकर मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आये दादा और उसके छोटे भाई पर भी हमला कर दिया।

### शराब पीने व बेचने में 49 गिरफ्तार

**जहानाबाद।** जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब पीने और बेचने के मामले में 49 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें छह महिला समेत आठ कारोबारी है जबकि 41 शराबी शामिल है। जहानाबाद, अरवल और पालीगंज के संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर कई शराब भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए 1400 किलो जावा महुआ नष्ट किया। साथ ही, 23 लीटर देशी शराब भी बरामद किया है। उत्पाद अधीक्षक नित्यानंद प्रसाद ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर आठ शराब कारोबारी और 41 शराबियों को गिरफ्तार किया गया है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए कार्यपालक सहायक व पंचायत सचिवों को मिला प्रशिक्षण

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 में बेहतर रैंक लाने वाले गांव और पंचायत होंगे सम्मानित

- राज्य स्तर पर चयनित पंचायतों का सत्यापन केंद्र सरकार द्वारा कराया जाएगा
- चयनित ग्राम पंचायतों को दो अक्टूबर 2023 को किया जाएगा पुरस्कृत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**


बैठक में शामिल डीडीसी व अन्य

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 के लिए जहानाबाद जिले के ग्राम प्लेक्स सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता डीडीसी सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के उपाध्यक्ष परितोष कुमार ने की। कार्यशाला में जहानाबाद सदर, हुलासगंज, घोषी एवं रतनी फरीदपुर प्रखंड के सभी कार्यपालक सहायकों एवं पंचायत सचिवों को संबंधित सभी गांव एवं पंचायतों को स्वच्छता से संबंधित मानकों पर स्व मूल्यांकन 31 दिसंबर तक ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए जाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। ग्राम स्तरीय स्व मूल्यांकन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, भूरा जल प्रबंधन, मलिय कीचड़ प्रबंधन, दृश्य स्वच्छता, सूचना शिक्षा व संचार एवं क्षमता विकास के प्रश्नों के आधार पर 500 अंकों का होगा। जो कि ग्राम पंचायतों द्वारा कम से कम दो बार किया जाएगा। डीडीसी ने कहा कि अपलोड किए जाने के बाद अगले तीन माह में स्वच्छता के विभिन्न मानकों पर ग्राम एवं पंचायतो में कार्य करते हुए द्वितीय स्व मूल्यांकन 30 अप्रैल तक करने के लिए बताया गया तथा कहा गया कि द्वितीय मूल्यांकन से प्राप्त अंक अंतिम मान्य होगा।

**बीडीओ करेंगे गांव का सत्यापन :** कार्यशाला में बताया गया कि प्रखंड स्तर पर आपस में सभी गांव का सत्यापन प्रखंड जल स्वच्छता समिति सह अध्यक्ष प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा कराया जाएगा। जबकि प्रखण्ड स्तर पर चयनित पंचायत का सत्यापन जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित गांव का सत्यापन राज्य कार्यालय द्वारा कराया जाएगा तथा राज्य स्तर पर चयनित पंचायतों का सत्यापन केंद्र सरकार द्वारा कराया जाएगा। इस दौरान बताया गया कि केंद्र सरकार के सत्यापन के बाद चयनित ग्राम पंचायतों को केंद्र सरकार द्वारा दो अक्टूबर 2023 को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वच्छता के कार्यो को बढ़ावा देने हेतु और स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने हेतु तथा स्वच्छता के प्रचार प्रसार हेतु एवं स्वच्छ आपसी प्रतिस्पर्धा हेतु यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस सर्वेक्षण उपरांत बेहतर रैंक लाने वाले गांव/पंचायत को जिला/राज्य/देश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, सभी को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा कपड़ा के झोला का उपयोग करने हेतु बताया गया।

### पंचायतों को तीन श्रेणी में बांटा गया

स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत पंचायत को तीन श्रेणी में बांटा गया है। पहला जिसकी आबादी 2000 से कम, दूसरा जिसकी आबादी 2000 से 5000 तक कि आबादी तथा तीसरा 5000 से अधिक आबादी वाला पंचायत शामिल है। कार्यशाला में जहानाबाद सदर, घोषी, हुलासगंज एवं रतनी फरीदपुर प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिव एवं कार्यपालक सहायक, प्रखण्ड समन्वयक, अनामिका कुमारी, माया यादव, सोनी कुमारी, राजेश कुमार, जिला समन्वयक माधवेन्द्र कुमार, जिला सलाहकार ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पिंकू कुमार और जिला सलाहकार क्षमता वर्द्धन सूचना शिक्षा व संचार ब्रजेश कुमार उपस्थित थे।

## दुर्गावती नदी के किनारे शव मिलने से मची सनसनी, क्षेत्राधिकार के लिए करायी गई मापी

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिले के कैमूर-रोहतास की सीमा से गुजरने वाली दुर्गावती नदी के किनारे शनिवार को मिलने से सनसनी फैल गई। इलाके में शव मिलने की खबर आग की तरह फैली। जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। सीमा पर शव मिलने से इस बात पर विवाद उत्पन्न हो गया कि शव किस थाने क्षेत्र में पड़ा हुआ है।

शव के क्षेत्राधिकार को लेकर कैमूर जिले के करमचट थाना की पुलिस एवं रोहतास जिले के चेनारी थाना की पुलिस में घंटों कशमकश का दौर चला। इसके बाद सरकारी अमीन को बुलाकर जमीन की मापी कराई गई। जिसके बाद शव को चेनारी थाना क्षेत्र में होने की पुष्टि होने पर चेनारी शनिवार शाम स्थानीय पुलिस ने उसे कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेजा। घटना के बारे में बताया जाता है कि सुबह में दुर्गावती नदी किनारे शव की सूचना पर ग्रामीणों ने करमचट थाना की पुलिस को दी, इसके बाद मौके पर पहुंची करमचट पुलिस ने शव चेनारी थाना क्षेत्र में होने की बात कह वापस लौट गई। तब ग्रामीणों ने चेनारी थाना को भी सूचना दी, इसके बाद चेनारी पुलिस भी शव उनके क्षेत्राधिकार में नहीं होने की बात कह पल्ला झाड़ने लगी। घंटों चले मंथन के बाद दोनों जिलों की पुलिस में जमीन की मापी पर सहमति बनी। इसके बाद सरकारी अमीन बुला मापी करने के बाद शव रोहतास में होने की पुष्टि के बाद चेनारी थाना ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान कैमूर जिला के करमचट थाना अंतर्गत निसीझा गांव निवासी स्वर्गीय मुंशी शर्मा के 35 वर्षीय पुत्र धनंजय शर्मा के रूप में हुई है। मृतक के भाई के मुताबिक उनका भाई गुरुवार की रात्रि से ही अचानक गायब हो गया था। उसकी खोज परिवार वाले कर रहे थे, इस क्रम में शव मिलने की सूचना मिली।

## नागरिकों को मानव अधिकार के बारे में जानकारी होना आवश्यक : जिला जज

- पुलिस लाइन में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस समारोह का आयोजन

**केटी न्यूज/आरा**


समारोह का उद्घाटन करते जिला जज, डीएम, एसपी व अन्य

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर के तत्वधान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस समारोह का आयोजन किया गया। न्यू पुलिस लाइन के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मिथिलेश कुमार ने बताया कि सभी नागरिकों को मानवाधिकार के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है।

उन्होंने मानवाधिकार के विषय पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मी को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी भोजपुर आरा एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर ने भी मानवाधिकार की बारे में उपस्थित पुलिसकर्मी को जानकारी दी। इस विधिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मी के माध्यम से आम जनों तक मानवाधिकार के विषय में जानकारी उपलब्ध कराना है। मौके पर नगर आयुक्त भोजपुर शैल कुमारी, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी अनीता कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, सार्जेंट मेजर, पिरो एसडीपीओ, जगदीशपुर एसडीपीओ तथा आरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व भोजपुर जिले से आए प्रत्येक थाना के थानाध्यक्ष भी मौजूद थे।

## एक नजर

### भाजपा रूपी विपदा से मुक्ति के लिए पूरा देश भोजपुर की ओर देख रहा है : दीपंकर भट्टाचार्य




**आरा।** भोजपुर में गरीबों के मान-सम्मान, उनके अधिकारों, लोकतंत्र और सामाजिक बदलाव की लड़ाई की शुरूआत करने वाले भाकपा-माले के संस्थापक नेता जगदीश मास्टर और रामायण राम के 50 वें शहादत दिवस पर भोजपुर के विभिन्न जगहों पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इन सभाओं को मुख्य रूप से भाकपा माले के महासचिव कामरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने संबोधित किया। आरा, बिहिया आयर और एकवारी की संकल्प सभा में माले महासचिव ने अपने संबोधन में कहा कि कॉमरेड जगदीश मास्टर और रामायण राम ने जिन उद्देश्यों के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। हमने उस विरासत को आगे बढ़ाते हुए भोजपुर में बड़ी लड़ाई लड़ी और यहां के गरीबों ने अपना हक अधिकार हासिल किया। दुर्भाग्य से आज देश में भाजपा रूपी विपदा मुंह बाए खड़ी है। देश के लोकतंत्र, संविधान और आम लोगों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। आज अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस भी है। हमें इस लड़ाई को आज की तारीख में और व्यापक रूप से लड़नी है। भाजपा से मुक्ति के लिए पूरा देश बिहार और भोजपुर की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए जगदीश मास्टर और रामायण राम सहित तमाम शहीदों की विरासत को बुलंद करते हुए अपने आंदोलनों को एक व्यापक स्वरूप प्रदान करेंगे। संकल्प सभा में भाकपा माले के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ पार्टी के विधायक भी शामिल रहे. पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, राज्य सचिव कुणाल पोलितब्यूरो सदस्य अमर, विधायक सुदामा प्रसाद मनोज मंजिल महानंद सिंह वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता अमरजीत कुशवाहा जिला सचिव जवाहरलाल सिंह, सहित भोजपुर के कई स्थानीय नेता कार्यकर्ता शामिल रहे.

### महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर क्षत्रिय स्वाभिमान महारैली का होगा आयोजन



**आरा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में शनिवार को पीर बाबा निवास के समीप एक सभागार में बैठक का आयोजन किया। जिसमें महावीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि शौर्य दिवस क्षत्रिय स्वाभिमान महारैली को सफलीभुत करने हेतु आयोजक अध्यक्ष निर्मल सिंह सक्रवार राष्ट्रीय कुंवर सेना अखिल भारतीय सह- अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा किया तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता बबन सिंह, संरक्षक अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय कुमार सेना द्वारा किया गया। सभा संचालन की सुनील दत्त सिंह अधिवक्ता ने किया। मुख्य अतिथि बद्री विशाल सिंह, डॉ. उदय प्रताप सिंह, तपन भाई थे। इस सभागार में मुख्य वक्ता राम लखन सिंह, अरुणेश कुमार अधिवक्ता, अजीत कुमार सिंह, उमेश सिंह, ठाकुर राज किशोर सिंह, ठाकुर संजय सिंह, बलेश्वर सिंह बेहरा व अन्य लोगों ने इस आयोजन के सफलतापूर्वक ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। सभा संपन्न के समय के आगामी 28 दिसंबर के मेयर चुनाव में श्रीमती कोमल देवी के चुनाव चिह्न नल छाप पर मोहर लगाकर विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही समाजसेवी शिक्षाविद मनोज कुमार सिंह अधिवक्ता भी सभा में उपस्थित थे।

### तेघरा क्रिकेट क्लब ने न्यू कर्मन टोला क्रिकेट क्लब को चार विकेट से पराजित किया



**आरा। भोजपुर** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित जिला क्रिकेट लीग के जूनियर डिवीजन में शनिवार को तेघरा क्रिकेट क्लब बनाम न्यू कर्मन टोला क्रिकेट क्लब के बीच मैच महाराजा कॉलेज के खेल मैदान पर शुरू हुआ। टॉस हारकर न्यू कर्मन टोला क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 207 रनों का लक्ष्य तेघरा क्रिकेट क्लब के समक्ष रखा। न्यू कर्मन टोला क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अनूप ओझा ने 33 रन , लव-कुश 25 रन, अंकित कुमार 28 रन और तेजस ने 18 रनों का योगदान किया। तेघरा क्रिकेट क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रितेश , हर्षित और प्रिंस ने दो दो विकेट प्राप्त किए जबकि अभिषेक राज को एक विकेट मिला। 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तेघरा क्रिकेट क्लब ने 6 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और मैच को 4 विकेट से जीत लिया। तेघरा की तरफ से आशुतोष सिंह ने सर्वाधिक 74 रन, यश सिंह ने 18 रन और अंकित सिसोदिया ने 20 रन तथा प्रिंस ने 22 रनों का योगदान किया। न्यू करमन टोला की तरफ से गेंदबाजी करते हुए प्रीतम सिंह ने 3 विकेट, ओम ने दो विकेट और विनीत ने 1 विकेट प्राप्त किया। आज के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आशुतोष सिंह को जिला पैनल के अंपायर धीरज कुमार के द्वारा दिया गया।

# स्वरोजगार के लिए बंदियों को दी गई मशरूम की खेती की ट्रेनिंग

- जेल में दस दिन तक ट्रेनिंग देगी पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान
- कारा अधीक्षक ने बंदियों को जीवन को बेहतर बनाने का दिलाया संकल्प

**केटी न्यूज/आरा**



प्रशिक्षण में जानकारी देते कारा अधीक्षक व अतिथि

बंदियों का जीवन सुधारने और आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए मंडल कारा में उन्हें मशरूम की खेती की ट्रेनिंग दी जा रही है। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से बंदियों को मशरूम की खेती करने के टिप्स बताये जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण शिविर दस दिनों तक चलेगा। इसका उद्घाटन कारा अधीक्षक संदीप कुमार की ओर से छह दिसंबर को दीप जलाकर किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बंदियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देकर स्वरोजगार से जोड़ कर उनके लिए सुंदर विक्लप तैयार करना है। कारा अधीक्षक ने मौके पर बंदियों को जेल से जाने के बाद अपने जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लेने की सलाह दी। कहा कि जेल से जाने के बाद समाज और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए ऐसा काम करें कि आप व आपका परिवार सुंदर एवं भयमुक्त जीवन जी सकें। वहीं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक राणा रंजीत ने कहा कि उद्यमी प्रशिक्षण शिविर बंदियों के बेहतर जीवन और जीविका के लिए एक अच्छा विकल्प है। कहा कि आगे भी इस तरह के प्रशिक्षण शिविर चलते रहेंगे। इसे लेकर बंदियों में काफी उत्साह देखा गया। शिविर में कारा उपाधीक्षक रौशन कुमार कर्ण, शबनम प्रिया और प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारी देव कुमार उपस्थित थे।

संस्थान के निदेशक राणा रंजीत ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए पारंपरिक फसलों की खेती से हटकर ज्यादा मुनाफा देने वाली फसलों की खेती पर जोर दिया जा रहा है। समय की मांग के अनुसार किसानों को खेती को लाभकारी बनाने के लिए विशेष प्रकार की ज्यादा मुनाफा देने वाली फसलों की खेती करनी चाहिए।

### काफी महंगा बिकता है मशरूम का पाउडर

मशरूम का उपयोग सब्जी के रूप में तो किया ही जाता है। इसमें काफी पोषक तत्व होने से इसे बॉडी बिल्डिंग में इस्तेमाल होने वाले पाउडर को बनाने में भी किया जाता है। मशरूम का पाउडर काफी महंगा बिकता है। इस तरह किसान इससे ताजा बेचकर और इसका पाउडर बेचकर भी अच्छा पैसा कमा सकते हैं। 45 दिन में इसकी फसल तैयार हो जाती है। एक बार बिजाई करने पर तीन बार कटाई कर सकते हैं। बाजार में ये 70 से 80 रुपए किलो की दर से बिकता है। जबकि किसान की लागत महज 10 से 15 रुपए आती है। कोई भी बेरोजगार युवक एक कमरे में 1500 से दो हजार रुपए से मशरूम की खेती शुरू कर 7 से 8 हजार रुपए बचत कर सकता है।

## खबरें फटाफट

### अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी

**डुमरांव।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के मौके पर शनिवार को नगर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित मानवाधिकर संरक्षण प्रतिष्ठान के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष रामबहादूर सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज मानवाधिकारों का हनन की घटनाएं तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए आंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस माके पर राजीव रंजन सिंह, लक्ष्मी देवी, राधा कुमारी, सतीश जायसवाल, बिनोद यादव, रितेश मिश्र, गोपाल प्रसाद बारी, रवि वर्मा, गोरख साह, नारायण प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

### युवक की पिटाई मामले में तीन पर केस दर्ज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के हरनीचट्टी गांव में एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवक की पिटाई नामजदों ने उस वक्त कर दी जब वह गांव के मिल की तरफ जा रहा था। इस मामले में पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पीड़ित हरनीचट्टी गांव का रहने वाला सोहन यादव का पुत्र अशोक यादव बताया जाता है। पीड़ित ने अपने आवेदन में बताया है कि वह शाम को अपने घर से मिल जा रहा था। इसी दौरान हलचल साह, गोविंद साह और जगदंबा साह ने मिलकर मेरे ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर जख्मी कर दिया। शोरगुल सुनकर राहगीर जुटे और प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया।

### मनोहरपुर लूट कांड में पुलिस के हाथ खाली

**राजपुर।** विगत दिनों तियरा बाजार से अपने गांव मनोहरपुर जा रहे स्वर्ण व्यवसाई से हुई लूट का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। ज्ञात हो कि स्वर्ण व्यवसायी मुन्ना सेठ अपने पिता के साथ मनोहरपुर अपने घर जा रहे थे कि पहले से घात लगाए मनोहरपुर डाक बंगला के समीप अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर स्वर्ण व्यवसायी से लूट कर आसानी से भाग निकले थे। जिसके बाद बक्सर पुलिस कप्तान नीरज कुमार सिंह राजपुर थाना पहुंच मामले की जांच के लिए एक पुलिस टीम भी गठित किए थे। लेकिन एक हफ्ते बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक खाली हाथ है। जबकि इस संदर्भ में थाना प्रभारी राजपुर से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि मामले की अनुसंधान चल रही है।

# खेलकूद : प्रखंड स्तरीय तरंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर, लूटी लोगों की वाहवाही

**केटी न्यूज/केसठ**

- जिला परिषद अध्यक्ष ने बच्चों को गिनाए खेलकूद के फायदें
- छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय तरंग सह मेगा स्पोर्ट्स उत्सव 2022 का केसठ प्रखंड में आयोजन किया गया। यह आयोजन केसठ उच्च विद्यालय खेल मैदान में आयोजित हुआ था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बक्सर जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती, प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह, बीईओ बशरुदीन अंसारी, बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा, प्रखंड श्रम पदाधिकारी प्रभात रंजन, केसठ पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उपस्थित रहे। उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मंच संचालन शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार विक्रांत व नसरुद्दीन ने संयुक्त रूप से किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से छात्रों के लिए पढ़ाई आवश्यक है ठीक उसी तरह खेल भी अति आवश्यक है। जबकि बीडीओ ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए खेलकूद भी बहुत जरूरी है।



विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करतीं अतिथि

प्रतियोगिता के अंडर 12 वर्ष के बालिकाओं में 60 मीटर दौड़ में भाग्यश्री प्रथम तथा द्वितीय सानिया प्रवीण ने किया। वहीं बालक वर्ग में प्रिंस कुमार व मो. हसमुद्दीन अव्वल रहे। 100 मीटर दौड़ में प्रथम लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय लवली कुमारी रही। बालक वर्ग में प्रथम पुनीत कुमार, द्वितीय राजन कुमार रहे। अंडर 14 बालक वर्ग के सिंटू कुमार, अमरजीत कुमार जबकि बालिका वर्ग के अनन्या और प्रिती रही। 300 मीटर दौड़ में अंडर 12 के बालक वर्ग के प्रिंस और महेश, बालिका वर्ग के रोशनी और खुशी प्रथम दो स्थानों पर चुनी गई। 800 मीटर दौड़ में अंडर 14 के बालक वर्ग के पंकज कुमार (केसठ), पंकज कुमार रहे। दूसरी ओर, बालिका वर्ग में आरती और खुशबू खातून, अंडर 17 में बालक वर्ग के प्रथम रूपेश कुमार और द्वितीय योगेंद्र कुमार रहे। लंबी कूद में अंडर 12 के बालक वर्ग में रोहित कुमार(पूर्वी शिवपुर), रोहित अव्वल रहे। वही बालिका वर्ग में प्रथम रूबी और द्वितीय शहनाज खातून रही।

अंडर 14 के बालक वर्ग में प्रथम सुग्रीव और द्वितीय भूपेश रहे और बालिका वर्ग में मोती और सुनीता, उंची कूद में अंडर 14 में बालक वर्ग में प्रथम आदित्य, द्वितीय अलतमनस खान अव्वल रहे। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम आनिशा, द्वितीय शारदा रही। शॉट पुट अंडर 12 में बालक वर्ग के आदित्य और सूरज अव्वल रहे। बालिका वर्ग में खुशबू और निशा अव्वल रही। इसी तरह अंडर 14 में बालक वर्ग में प्रथम शहनाज हुसैन, द्वितीय नीतीश रहे। बालिका वर्ग में प्रथम खुशी, द्वितीय में रेखा रही। अंडर 17 में बालक वर्ग में प्रथम मनु और द्वितीय आदित्य रहे। वहीं, प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट, मेडल, कॉलम, कॉपी से सम्मानित किए। उपस्थित अधिकारियों ने सफल छात्र छात्राओं के उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। मौके पर मनोज कुमार, सुनील कुमार, मुनताज आलम, पंकज दुबे, भावना कुमारी, फूल कुमारी, किंतू कुमारी, अमेंद कुमार, लालबाबू प्रसाद सहित अन्य शिक्षक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## संपत्ति का बटवारा नहीं करने से खार खाए युवक ने की मां की हत्या

# लोमहर्षक घटना : मां को मौत के घाट उतार कलियुगी बेटा फरार, जांच में जुटी पुलिस

- नशे का आदि है आरोपी, हाल ही में जेल से आया था बाहर
- कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरक पश्चिमी टोला की है घटना

**न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

नशे में धूत एक शराबी ने धारदार हथियार से वार कर अपनी मां को ही मौत के घाट उतार दिया है। यह लोमहर्षक घटना शुक्रवार की रात कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरक पश्चिम टोला गांव में घटी है। घटना के वक्त सिर्फ आरोपी और उसकी मां ही घर में मौजूद थे। परिवार के अन्य सदस्य पटना में रहते है। सुबह में जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तब उसके परिजनों को फोन कर जानकारी दी गई। घटना की जानकारी के बाद पहुंचे मृतक के पति ने पुलिस व मजिस्ट्रेट सह सीओ के देखरेख में घर का ताला तुड़वाया, तो घर के अंदर उनकी पत्नी का शव खून से लथपथ पड़ा था। जबकि उनका पुत्र सह आरोपी अपने दस वर्षीय पुत्र के साथ फरार हो गया था। मृतका रामाशंकर पांडेय की पत्नी फुलेश्वरी देवी उम्र 65 वर्ष तथा आरोपी उसका बेटा हिमांशु शेखर पांडेय उर्फ रितेश पांडेय है।



घटनास्थल पर जांच को पहुंचे अधिकारी

**घटना के बाद पूरे परिवार में मचा कोहराम :** ग्रामीणों की मानें तो वह हर समय नशे में रहता था। इसी कारण पत्नी से भी उसका विवाद हो गया था। शराब के नशे में वह जेल भी जा चुका था तथा हाल ही में जेल से बाहर आया था। इस घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंची कृष्णाब्रह्म पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज आरोपी की धर पकड़ में जुट गई है। डुमरांव के प्रभारी डीएसपी कुमार वैभव भी इस मामले की तफ्तीश करने अरक पहुंचे हुए थे। संवाद संप्रेषण तक आरोपी का सुराग नहीं मिल सका था। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### परिवार के सदस्यों के साथ करता था मारपीट

मिली जानकारी के अनुसार रामाशंकर पांडेय एज्क्यूटिव ऑफिसर के पद से रिटायर्ड हुए है तथा उनके चार बेटों में तीन नौकरी में है और पूरा परिवार पटना में रहता है। जबकि उनका एक बेटा और आरोपी हिमांशु उर्फ रितेश नौकरी नहीं करता था, बल्कि वह ठेकेदारी करता है और नशे का आदि है। सूत्रों का कहना है कि नशे की हालत में वह अक्सर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करता था। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो वह पैतृक संपति में अपनी हिस्सेदारी को लेकर अक्सर माता पिता पर दबाव बनाता था। जबकि उसके आदतों से वाकिफ उसके माता पिता संपत्ति का बटवारा नहीं कर रहे थे। इसी से खार खाए उसने इस घटना को अंजाम दिया है।

## दुर्घटना में जख्मी हुए युवक की इलाज के दौरान मौत, विरोध में सड़क जाम



सड़क जाम करते ग्रामीण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रताप सागर में फोर लेन पर एक सप्ताह पूर्व हुए सड़क दुर्घटना में जख्मी एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। शनिवार की शाम उसका शव पैतृक गांव प्रताप सागर लाया गया। शव आते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने फोरलेन को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सड़क जाम करने वाले ग्रामीण फोरलेन कंपनी की लापरवाही से खासे नाराज दिखे। ग्रामीणों का कहना था कि कंपनी द्वारा आनन फानन में सड़क का लोकापर्ण करा दिया गया है। लेकिन प्रताप सागर इलाके में कही भी टैजफिक सिंबल नहीं लगाया गया है। जिस कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है। वही दुर्घटना को अंजाम देने वाले दूसरे बाइक के चालक की पहचान कर गिरफ्तार करने तथा पीड़ित परिजनों को उचित मुआबजा देने की मांग कर रहे थे। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक फोरलेन सड़क आक्रोशित लोगों के कब्जे में रहा। मृतक प्रताप सागर निवासी व पूर्व वार्ड सदस्य बजरंगी यादव का पुत्र चंदन यादव उम्र 19 वर्ष 2 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसका इलाज वाराणसी ट्रामा सेंटर में चल रहा था। शनिवार को इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा शाम में शव लाया गया। इस दौरान पहले से लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

## चिराग पासवान की वजह से एनडीए की कुढ़नी उपचुनाव में हुई जीतः अखिलेश सिंह

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर लोजपा रामविलास के जिला कार्यालय में कुढ़नी में चिराग पासवान समर्थित भाजपा उम्मीदवार की जीत पर पार्टी जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में विजयोत्सव मनाया गया। इस दौरान पार्टी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। पार्टी जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कुढ़नी विजय पर पार्टी पदाधिकारियों को अबीर गुलाल लगा व मिठाई खिला खुशी का इजहार किया।

विजयोत्सव को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के कोने कोने मे चिराग फैक्टर की चर्चा हो रही है। आज के परिवेश मे सभी जाति, धर्म के लोग चिराग पासवान में अपनी आस्था प्रकट कर रहे है। बिहार की जनता अब चिराग पासवान को मुख्यमंत्री के रूप मे देखना चाहती है। उसी का परिणाम है कि चिराग पासवान जिस गठबंधन मे जा रहे है। जनता उन पर विश्वास कर उस



खुशी क इजहार करते बक्सर लोजपा के कार्यकर्ता

- बक्सर लोजपा रामविलास ने मनाई कुढ़नी में जीत की खुशी

गठबंधन को जीत दिला रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ चिराग पासवान की वजह से सात पार्टियों का महागठबंधन कुढ़नी विधान सभा मे धराशायी हो गया और भाजपा उम्मीदवार केदार प्रसाद गुप्ता को जीत हासिल हुई। जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा की जदयू व महागठबंधन की चाल बिहार की जनता को समझ मे आ गया है। जनता चाचा भतीजे के झांसे मे आने वाली नही है। बिहार की जनता 2024 लोकसभा और 2025 विधान सभा मे महागठबंधन को उखाड़ फेकेगी। पार्टी के सभी साथियों ने कुढ़नी विधान सभा की जीत पर चिराग पासवान को बधाई संदेश दिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार पासवान, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष गोलु पांडेय, अतिपिछडा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनिल बारी, संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष ठाकुर भानुशंकर सिंह, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ओमजी मिश्र व अन्य लोग मौजूद रहें।

## एक नजर

### अनियंत्रित होकर स्कार्पियो सड़क किनारे चाट में पलटा, हादसे में दो लोग जख्मी



**नावानगर।** डुमरांव-बिक्रमगंज स्टेट हाईवे स्थित पतरकोना गांव के पास ट्रक के चकमा से एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चाट में पलट गई। जिससे उसमें सवार दो युवक जख्मी हो गए। जख्मी युवक कुलमनपुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार एवं सुधीर दुबे बताए जाते हैं। इधर स्थानीय लोगों ने दोनों जख्मी युवक को सीएचसी नवानगर में इलाज के लिए ले गए जहां से जितेंद्र कुमार की गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल बक्सर के लिए रेफर कर दिया। दुर्घटना दोपहर दो बजे की है। बताया जाता है कि जिस स्थान पर दुर्घटना हुई है उससे महज 100 गज की दूरी पर दोनों तरफ तीखा मोड़ है। ऐसे में तेज गति से स्कॉर्पियो कोरान सराय से नावानगर की तरफ जा रही थी। जबकि विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक चालक स्कॉर्पियो को चकमा दे दिया। परिणाम स्वरूप स्कार्पियो चालक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चाट में पलट गया। दुर्घटना के बाद आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने पहुंचकर स्कॉर्पियो में सवार दोनों जख्मी युवक को बाहर निकाला। साथ ही इसकी सूचना सीएचसी एवं वासुदेवा ओपी पुलिस को दी। सूचना पर सीएचसी के प्रभारी ने तत्काल एंबुलेंस उक्त स्थान पर भेजा। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के माध्यम से दोनों जख्मी को इलाज के लिए नावानगर सीएचसी ले गए। इधर दुर्घटना के बाद ट्रक चालक अपनी वाहन लेकर फरार हो गया। इस संबंध में वासुदेवा ओपी प्रभारी विष्णु देव कुमार ने बताया कि जख्मियों में एक युवक की स्थिति नाजुक थी। जिसे बक्सर सदर अस्पताल भेजा गया है। ट्रक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### रंजीत बने कोरानसराय थानाध्यक्ष, संभाली कमान



**डुमरांव।** कोरानसराय थाना में कोपवा के यमुना सिंह के फांसी लगाने की घटना के बाद निलंबित हुए पूर्व थानाध्यक्ष जुनैद आलम की जगह रंजीत कुमार को वहा का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार को ही उन्होंने कोरानसराय थाना की कमान संभाल ली है। इस आशय की जानकारी एसपी नीरज कुमार सिंह ने दी है। कोरानसरा थाना का प्रभार लेते ही नए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपराध नियंत्रण तथा शराब तस्करी को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी तथा पब्लिक फ्रेंडली की नीति को बढ़ावा दिया जाएगा। गौरतलब है कि कोरानसराय थाना परिसर के कम्प्यूटर कक्ष में 16 नवंबर की रात वृद्ध यमुना सिंह ने फांसी लगा आत्महत्या आत्महत्या कर लिया था। घटना की जानकारी मिलते ही तत्कालीन थानाध्यक्ष जुनैद आलम को एसपी ने सस्पेंड कर दिया था। वहीं उनके उपर परिजनों के द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया है। उसके बाद से थाना प्रभार में चल रहा था। जिसके बाद शुक्रवार की शाम रंजीत कुमार को कोरानसराय का थानाध्यक्ष बनाया गया। देर रात ही रंजीत कुमार द्वारा कोरानसराय थाना में योगदान दे दिए है। वे इसके पहले डीआईयू टीम में थे। रंजीत को तेज तर्रार व पब्लिक से जुड़े रहने वाला पुलिस पदाधिकारी माना जाता है।

### थाने में यमुना सिंह की आत्महत्या मामले की जांच शुरू

**डुमरांव।** कोंपवा निवासी स्व यमुना सिंह द्वारा कोरानसराय थाना परिसर में 16 नवंबर की रात आत्महत्या मामले की न्यायिक जांच शुरू हो गई है। शुक्रवार को एसीजेएम संतोष कुमार कोरान सराय थाना पहुंच इस मामले की जांच किए। जांच के दौरान वे थाना के अभिलेखों का गहराई से अवलोकन किया तथा मौजूद पुलिस पदाधिकारियों से कई बिंदुओं पर पूछताछ किया। इसको लेकर पूरे दिन पुलिस कर्मियों में हड़कंप का माहौल कायम रहा। गौरतलब है कि एससी एसटी एक्ट के आरोपी कोंपवा 70 वर्षीय स्व यमुना सिंह को कोरानसराय पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार किया था। लेकिन गिरफ्तारी के समय तथा थाना परिसर में भी पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था। जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा था और रात में वे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए थे।

### बिजली चोरी में नौ पर एफआईआर दर्ज

**डुमरांव।** अनुमंडल के इलाके में बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली कंपनी के अधिकारियों ने अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दो दिनों के सघन अभियान के दौरान 9 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में कोरानसराय थाने में छह और नया भोजपुर ओपी थाने में तीन मामले दर्ज किये गये है। कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के आवेदन पर चिलहरी गांव के शिवबिलास कुम्हार पर 5041 रुपये, प्रमोद कुमार पर 12792 रुपये और नावाडेरा गांव निवासी पवन कुमार पर 14030 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए नया भोजपुर ओपी थाने में मामला दर्ज कराया गया है। वहीं दूसरी ओर विद्युत कनीय अभियंता शैलेश कुमार के आवेदन पर कोरानसराय के बसगतिया गांव निवासी मनमोहन पासवान पर 15609 रुपये, राजकुमार सिंह पर 5331 रुपये, राधेश्याम सिंह पर 2627 रुपये, निर्मल सिंह पर 2921 रुपये, दुजिया देवी पर 13775 रुपये और दुखी यादव पर 13775 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए कोरानसराय थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

## विकास मित्रों ने विधायक को ज्ञापन सौंप कर की बेहतर वेतनमान दिलाने की मांग, कहा-

# 12050 रुपए में परिवार और बच्चों का पालन पोषण नाकाफी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- विधायक ने विकास मित्रों की मांगे सरकार के समक्ष रखने का दिलाया भरोसा

डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सा से आए विकास मित्रों ने शनिवार को स्थानीय विधायक अजीत कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान विकास मित्रों ने विधायक को 5 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विकास मित्रों का कहना था कि न्यूनतम मानदेय पर पंचायत में दिन रात काम करने की जिम्मेदारी है। प्रतिदिन उनकी भूमिका तथा वर्क लोड बढ़ते जा रहा है।

सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं में उनकी सहभागिता महत्वपूर्ण रखी गई है। सरकार की योजना को लाभुक तक पहुंचाने में विकास मित्र की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इस वजह से विकास मित्र चाह कर भी कोई दूसरा कार्य या व्यवसाय नहीं कर पाता है।

सरकार द्वारा दिए जा रहे 12050 रुपया निर्धारित मानदेय से परिवार तथा बाल बच्चों की शिक्षा चिकित्सा के खर्च में नाकाफी बताते हुए उन्होंने कहा है कि विकास मित्रों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। विधायक से अपने कार्यों की समीक्षा तथा समस्याओं के आलोक में विचार विमर्श का आह्वान करते हुए विकास मित्रों ने कहा है कि सरकार के समक्ष हमारी जिम्मेदारी स्वयं के कार्य के अलावा अन्य सरकारी योजनाओं के सफल संचालन में ली जा रही है। आंगनबाड़ी तथा राशन किरासन के अलावा जनगणना मतगणना व अन्य कार्यों में भी वरीय पदाधिकारी हमारी खोज खबर लेते हैं। खाली पेट रहकर हमें अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने की विवशता है। विकास मित्रों ने विधायक से अपनी समस्याओं के समाधान का उम्मीद जताया है। दूसरी तरफ विधायक ने उपस्थित विकास मित्रों से उनकी मांगों पर विचार विमर्श करने तथा सरकार के समक्ष रखने का भरोसा दिलाया है।



विधायक को मांग पत्र सौंपते विकास मित्र

विधायक के इस आश्वासन से सभी विकास मित्र बेहद खुश नजर आए। इस मौके पर आशीष कुमार सुशील कुमार ललन कुमार विजय कुमार संजय कुमार निरंजन कुमार प्रेम प्रसाद सुनीता कुमारी आरती कुमारी राम बाबू राम ललिता कुमारी जयप्रकाश रूबी कुमारी दिनेश कुमार उषा देवी समेत दर्जनों विकास मित्र उपस्थित थे।

## शहर छोटी खबरें

### ट्रेन से कटने से एक की मौत

**मऊ।** जनपद के कोपागंज थाना के इंदारा रेलवे स्टेशन के पूर्वी क्रॉसिंग के समीप शनिवार की शाम एक व्यक्ति की ट्रेन से कटने से मौत हो गयी। सूचना मिलते ही आरपीएफ चौकी सहायक उपनिरीक्षक हदयानंद तिवारी, कांस्टेबल राजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने घटनास्थल का पंचनामा तैया किया। उसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से शव को ट्रैक से हटाकर ट्रैक को क्लियर कराया गया। मृतक की पहचान लखीमपुर खीरी जनपद के स्थानीय थाना क्षेत्र के दनियालपुर निवासी स्व. लखपत सिंह के बेटे महेश सिंह के रूप में की गई।

### कार्यभार नहीं सौंपने पर वरिष्ठ लिपिक निलंबित

**बलिया।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक रहे अनिरुद्ध आर्य को मनमानी करने और निदेर्शों की अनदेखी कर कार्यभार नहीं सौंपने के आरोप में संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ मंडल योगेंद्र कुमार सिंह ने निलंबित कर दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश कुमार सिंह ने बताया कि डीआईओएस कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक पद पर तैनात रहे अनिरुद्ध आर्य का छह माह पहले राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जयप्रकाश नगर, बैरिया में स्थानांतरण कर दिया गया था।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**बलिया।** चितबड़ागांव रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर सिग्नल के पास शुक्रवार की देररात मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। मृत महिला की शिनाख्त पटेल नगर निवासी चंपा देवी (58 वर्षीय) के रूप में हुई।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू : जिले के 28 राजकीय इंटर कॉलेजों में नहीं है सीसीटीवी कैमरे



- चार राजकीय इंटर कॉलेज ही बोर्ड के मानकों को करते हैं पूरा
- नकल माफिया की सक्रियता पर नकेल लगाना विभाग के लिए चुनौती

**केटी न्यूज/बलिया**

वर्ष 2022 की बोर्ड परीक्षा के दौरान अंग्रेजी का पर्चा आउट होने के बाद प्रदेश भर ने चर्चा में आए जिले में वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा की तैयारी जोरों से चल रही है। हालांकि डीआईओएस रमेश कुमार सिंह का दावा है कि इस बार कहीं कोई चूक नहीं की जाएगी और परीक्षा केंद्रों के तौर पर राजकीय इंटर कॉलेज तथा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को तरजीह दी जाएगी। इसके उलट रोचक तथ्य यह है कि जिले के 32 राजकीय इंटर कॉलेजों में से महज चार राजकीय इंटर कॉलेज ही बोर्ड के मानकों को पूरा करते हैं। जबकि शेष अभी भी बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट सुविधाओं से लैस नहीं है। हालांकि अशासकीय महाविद्यालयों की स्थिती कुछ राहत भरी जरूर है। यहां 92 में से करीब 74 एडेड स्कूल परीक्षा केंद्र बनने अर्हता पूरी करते हैं। ऐसे में वित्तविहीन विद्यालयों के ऊपर विभाग की निर्भरता बढ़ जाती है और यहीं से जिले में नकल माफिया की सक्रियता पर नकेल लगाना और परीक्षा की शुचिता को बरकरार रखना विभाग के लिए चुनौती बन जाता है।

अपने कार्यकाल के शुरूआती दिनों में जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने दावा किया था कि इस बार बोर्ड परीक्षा में केंद्रों की संख्या घटाने के साथ हुई राजकीय विद्यालयों और एडेड स्कूलों को प्राथमिकता के आधार पर केंद्र बनाया जाएगा। लेकिन तकरीबन छह माह के कार्यकाल के दौरान उपरांत भी डीआईओएस जिले के 28 राजकीय इंटर कॉलेजों को परीक्षा मापदंडों के अनुरूप संतृप्त नहीं कर पाए। जबकि शासन ने इस संबंध में समय-समय पर विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए राजकीय इंटर कॉलेजों को सीसीटीवी कैमरा, वॉइस रिकॉर्डर के अलावा अन्य सुविधाओं से लैस करने का निर्देश देता रहा है।

वर्ष 2022 की बोर्ड परीक्षा के दौरान बेल्थरा रोड तहसील के महाराजजी देवी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के अंग्रेजी के प्रश्न पत्र को टेंपरिंग कर आउट करने आरोप लगा था। इसके बाद बोर्ड को अंग्रेजी की परीक्षा पूरे प्रदेश में स्थगित करनी पड़ी थी। इस मामले में तत्कालीन डीआईओएस समेत कई विभागीय अधिकारियों संस्पेड किया गया था। साथ ही कई प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों एवं अध्यापकों को कार्रवाई का सामना करना पड़ा था।

**परीक्षा केंद्रों में बढ़ोतरी की उम्मीद :** वर्ष 2022 की बोर्ड परीक्षा के दौरान जिले में 211 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें राजकीय इंटर कॉलेज, बलिया को प्रश्न पत्र रखने और उत्तर पुस्तिकाओं की रिसीविंग का केंद्र बनाया गया था। जबकि 210 केंद्रों में बोर्ड की परीक्षाएं हुई थी। इस बार पिछली बार की अपेक्षा 35 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। ऐसे में विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस बार जिले में 225 से 230 परीक्षा केंद्र बनाए जाने की संभावना है।

### इसी हफ्ते जारी होगी केंद्रों की सूची

**बलिया।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मानें तो जिले के सभी 607 स्कूलों का डिटेल संपूर्ण टाटा माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज को ऑनलाइन उपलब्ध करा दिया गया है। उम्मीद है कि इसी हफ्ते बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी जाएगी। इसके उपरांत परीक्षा केंद्रों का पुनर्मूल्यांकन का कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं, विभागीय सूत्रों की मानें तो जिले में नकल माफिया की सक्रियता इतनी तगड़ी है कि उनकी और विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ के कारण राजकीय इंटर कॉलेजों को परीक्षा के अनुरूप संसाधन से लैस नहीं किया जाता है। सूत्र बताते हैं कि राजकीय इंटर कॉलेजों की बदहाल स्थिति का हवाला देकर ही विभाग हर बार वित्तविहीन विद्यालयों से मोटी रकम लेकर उन्हें परीक्षा केंद्र बनाता है। जिसकी परिणति प्रश्न पत्रों के साथ टेंपरिंग और पर्चा आउट के तौर पर होती है।

### शासन को लिखा गया है पत्र : डीआईओएस

राजकीय विद्यालयों को संस्तृप करने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। फिलहाल जिले में जितने राजकीय विद्यालय परीक्षा मानकों पर खरे उतरते है उनको और एडेड स्कूलों के अलावा अच्छे रिकार्ड वाले वित्तविहीन विद्यलयों को केंद्र बना कर नकल विहीन परीक्षा कराई जाएगी। – **रमेश कुमार सिंह, डीआईओएस, बलिया।**

## सेंट जेवियर्स ने मीडिया इलेवन को हराकर शील्ड पर जमाया कब्जा



पत्रकार को सम्मानित करते अतिथि

**केटी न्यूज/बलिया**

धरहरा स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के खेल मैदान में शनिवार को आयोजित क्रिकेट मैंच में कांटे के मुकाबले में सेंट जेवियर्स ने जीत दर्ज की। अंतिम बॉल में खेल का निर्णय होने से रोमांच सातवें आसमान था। हजारों दर्शकों के बीच आयोजित इस क्रिकेट मुकाबले में टॉस जीतकर सेंट जेवियर्स की टीम ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया।

पांच ओवर के मैच में मीडिया एकादश ने आठ विकेट के नुकसान पर 35 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट जेवियर्स इलेवन ने प्रथम तीन ओवर धुआंधार बैटिंग करते हुए मात्र एक विकेट के नुकसान पर 20 रन बना लिया। चौथे ओवर में मीडिया एकादश की तरफ से पत्रकार तिलक कुमार ने घातक गेंदबाजी करते हुए रनों की गति पर ब्रेक लगाने के साथ ही दो विकेट भी चटकाए। इसके बाद अंतिम ओवर में सेंट जेवियर्स को जीतने के लिए छह गेंदों में 10 रनों की जरूरत थी, प्रथम पांच गेंदों में सात रन बन चुके थे। लेकिन अंतिम बॉल में सेंट जेवियर्स के कप्तान सुधीर शर्मा ने छक्का मारकर जीत दर्ज कर लिया। मैच के अंत में स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. अभिनव नाथ तिवार२२२२२२२२२२२२री ने उपविजेता टीम के कप्तान सुधीर ओझा व उप कप्तान रणजीत मिश्र को अंगवस्त्रम व मेडल पहनाकर स्वागत किया। वहीं बेस्ट बॉलिंग के लिए मीडिया एकादश के तिलक कुमार एवं चंद्रकांत को स्कूल के प्रबंधक निदेशक डॉ. अभिनव नाथ तिवारी ने मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार रणजीत मिश्र ने कहा कि हम लोग सेंट जेवियर्स को कोई शिक्षण संस्थान नहीं बल्कि परिवार के सदस्य मानते

### बलिया में राज्य परिवहन मंत्री ने सफेद कबूतर और गुब्बारा छोड़कर किया पक्षी महोत्सव का शुभारंभ

# सूरहा ताल के विकास के लिए पक्षी महोत्सव का आयोजन अच्छी शुरूआत : दयाशंकर सिंह

- मंत्री ने मछुवारों को रोजगार का सृजन करने का दिलाया भरोसा
- विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**केटी न्यूज/बलिया**



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मंत्री, डीएम व अन्य

सूरहाताल की जो रंगत आज से 20 वर्ष पहले थी, शनिवार को ऐसा लगा कि वही रंगत एक बार फिर लौट आयी है। तीन दिवसीय सुरहा ताल पक्षी महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सफेद कबूतर व तिरंगा गुब्बारा उड़ाकर इस महोत्सव का शुभारंभ किया। पहले दिन स्थानीय ही सही पर पर्यटकों की भीड़ इस तरफ इशारा कर रही थी कि सुरहा ताल अपनी ख्याति के मुताबिक एक बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित होने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सूरहा ताल के विकास के लिए पक्षी महोत्सव का आयोजन एक अच्छी शुरूआत है। इस आयोजन के रूप में आज नींव पड़ी है, अब इस पर बड़ी इमारत बनानी है। जिलाधिकारी की विशेष सराहना करते हुए कहा कि आपने जो पहल शुरू की है, इसको आगे बढ़ाइए, मेरा पूरा सहयोग रहेगा। कहीं भी किसी परियोजना की स्वीकृति के लिए के लिए मैं स्वयं तत्पर रहूंगा। मुझे भरोसा है कि प्रदेश की नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने से भी लोग आएंगे।

**मछुवारा समाज का विशेष आभार :** परिवहन मंत्री ने मछुवारा समाज का विशेष आभार जताते हुआ कहा, जिला प्रशासन के एक निवेदन पर नाव की पेंटिंग करके उसे बेहतर बनाकर लोगों के मनोरंजन लायक बनाया। मंत्री ने मछुवारों को भरोसा दिलाया कि रोजगार का सृजन करेंगे और आपकी आय को कई गुना बढ़ाने के लिए हरसम्भव पहल करेंगे। परिवहन मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष की फोटोग्राफी में भी बलिया में सबसे प्रमुख रूप से सुरहा ताल का आता है। निश्चित रूप से यह बड़ा पर्यटक स्थल के रूप में होना चाहिए। इस दिशा में यह आयोजन हुआ, जिसके लिए चंद्रशेखर जी की आत्मा भी बधाई दे रही होगी। जिले में जल परिवहन शुरू होने जा रहा है, इसका सबसे अधिक लाभ बलिया को होगा। सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है।

**सूरहा ताल में बीच इसके विकास पर हुई चर्चा :** सूरहा ताल पक्षी महोत्सव के पहले दिन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, डीएम सौम्या अग्रवाल और एसपी राजकरण नैय्यर समेत अन्य किसी ने नौकायन का आनंद लिया। सूरहा ताल झील में जैसे-जैसे अंदर नाव गयी, ताल की वनस्पतियों और इसके प्राकृतिक महत्व पर चर्चा बढ़ती चली गई। पर्यटन के क्षेत्र में इसको कैसे विकसित किया जाए, इस पर भी मंत्री-डीएम की चर्चा हुई।

**नए साल का जश्न बनाने वालों के लिए सुखद पहल :** नए वर्ष का जश्न बनाने के लिए यह स्थल मशहूर है। यहां काफी मात्रा में लोग आते थे। लेकिन, सूरहा ताल की स्थिति खाफी खराब होने से पर्यटकों का यहां आना बंद हो गया था। सूरहा ताल पक्षी महोत्सव कार्यक्रम के बहाने इस स्थल की साफ-सफाई होना निश्चित रूप से नए साल का जश्न मनाने वालों के लिए सुखद पहल है। जिला प्रशासन का भी यही प्रयास है कि इस स्थल की सुंदरता बढाकर बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित किया जाए।

### छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सराहा

सूरहा ताल पक्षी महोत्सव के पहले दिन विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गुलाब देवी इंटर कॉलेज, रामरती बालिका विद्यालय, रामपुर उदयभान, उच्च प्राथमिक विद्यालय जीराबस्ती, प्राथमिक विद्यालय सागरपाली की बालिकाओं ने मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मंत्री और अधिकारियों के अलावा वहां जुटे पर्यटकों ने भी स्कूली छात्राओं के इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। कला शिक्षक मो. इफ्तेखार की देखरेख में जय विविधता और जीव-जंतुओं पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी की भी सराहना सभी ने की।

## हत्या या आत्महत्या : पेड़ से लटकते हुए मिली गोरख की लाश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मरदह थाना क्षेत्र के लहुरापुर गांव में शुक्रवार की सुबह एक युवक की आम के पेड़ से लटकती लाश मिली। उसकी लाश मफलर के सहारे पेड़ से लटकी हुई थी।

बता दें कि गोरख उर्फ सत्यम सिंह की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाबत थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि लटकने से ढाई दिन पूर्व मृत्यु होना पाया गया है। बिसरा जांच के लिए कुछ पार्ट रिजर्व किया गया है। इससे मृत्यु का कारण स्पष्ट होने की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी इस प्रकरण के हत्या या आत्महत्या होने को लेकर तरह-तरह की चचाएं की जा रही है। मृतक के पिता मुन्ना सिंह एवं परिजनों का आरोप है कि हत्या करने के बाद शव को आम के पेड़ से लटका दिया गया है।



घटना स्थल पर मौजूद अधिकारीगण व अन्य

बताया कि गांव के ही निवासी लोगो द्वारा साजिश के तहत अपहरण के बाद हत्या की गयी है गांव के तीन लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर मरदह थाने में दी है,जिस पर पुलिस हर पहलुओं को खंगाल रही है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है,और कुछ लोगों की तलाश जारी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दुष्यंत सिह ने बताया कि पुलिस प्राप्त तहरीर के आधार पर एवं अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है,अभी तक अपराध सिद्ध नहीं हो सका है,सबूत जुटाए जा रहे हैं।

### एसपी ने 5 पुलिस कर्मियों का बदला कार्यक्षेत्र

**बलिया।** एसपी राजकरन नैय्यर ने एक बार फिर पुलिस महकमा में फेरबदल किया है। जिले की बेहतर कानून व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध पुलिस अधीक्षक ने दो निरीक्षक व दो महिला निरीक्षकों के साथ पांच अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। सिकंदरपुर थाने पर तैनात एसएचओ योगेश कुमार यादव व निरीक्षक (अपराध) रामायण सिंह को अपराध शाखा बलिया से संबद्ध किया गया है। वहीं महिला निरीक्षक मंजू सिंह को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना से हटाकर महिला सहायता प्रकोष्ठ का प्रभार सौंपा है, जबकि महिला सहायता प्रकोष्ठ की प्रभारी रहीं अनिता को महिला थाना का प्रभारी बनाया है। इसी क्रम जिला मुख्यालय के ऑक्टेनगंज चौकी प्रभारी रहे दिनेश कुमार पाठक को प्रमोट करते हुए सिकंदरपुर थाने का एसएचओ बनाया है।

## छुट्टी पर आए सेना के जवान की इलाज के दौरान हुई मौत

**केटी नयूज/बलिया**

जनपद के दुबहड़ स्थित रामपुर टीटीही गांव के छुट्टी पर घर आए सेना के एक जवान की मौत अचानक तबीयत खराब होने से शनिवार हो गई। उनके मौत की खबर सुनकर गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके तैनाती स्थल शिलांग में अपने सेना के जवान की मौत की खबर पाकर सेना के अधिकारियों ने जिला अस्पताल में तैनात पुलिसकर्मियों से फोन कर उनके शव का पोस्टमार्टम करवाया।

बताया जाता है कि रामपुर टीटीही निवासी गणेश ठाकुर पुत्र स्व. लक्ष्मण ठाकुर (38 वर्ष) 114 इन्फेंट्री बटालियन, प्रादेशिक सेना, जाट रेजीमेंट शिलांग में तैनात थे। वह विगत पांच दिसंबर को अपने यूनिट से छुट्टी लेकर अपने पैतृक घर आए थे। शुक्रवार को अचानक उनकी तबीयत खराब होने के बाद परिजन उन्हें जिला चिकित्सालय ले गए। जहां इलाज के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। वहीं पूरे गांव में मातम छा गया। उनका अंतिम संस्कार चैन छपरा स्थित गंगा घाट पर शनिवार को किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र शिवम ठाकुर (8 वर्ष) ने दिया।

## एक नजर

### बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित



**मऊ।** जनपद के मोहमदाबाद गोहना तहसील के सौसरवा प्राथमिक विद्यालय के परिसर में शनिवार को विद्यालय की पीटी टीम व योगा टीम के सम्मान में विद्यालय प्रबंध समिति, बाल संसद व मीना मंच के संयुक्त तत्वावधान में नागरिक अभिनन्दन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें प्रतिभागियों को मेडल, स्मृति चिह्न, प्रमाण-पत्र तथा पुष्पहार के साथ स्वागत किया गया। जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता, 2022 जो डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुई थी। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक विद्यालय सौसरवा ब्लाक-मुहम्मदाबाद गोहना की टीम ने अपने पहले प्रयास में पीटी, व्यायाम एवं विशेष प्रदर्शन तथा योगा प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। उस दौरान बच्चों के अद्भुत व उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित होकर प्रतियोगिता के संयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार सिंह व समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप निदेशक/डायट प्राचार्य, मऊ ने अपने संबोधन में उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की थी। शनिवार को उन्हीं बच्चों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हिन्दराज कुमार, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष धन्नजय सिंह, बृजबिहारी सिंह, नान्हक राम सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया।

### अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का डंडा

मऊ। जनपद मुख्यालय स्थित आजमगढ़-मऊ मुख्य मार्ग पर आए दिन जाम लग रहा है। जिसका मुख्य कारण सड़कों के दोनों तरफ अतिक्रमण का होना है। जिसको लेकर शनिवार को उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंह यादव एवं नवागत पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अजय विक्रम सिंह, कोतवाल शैलेश सिंह ने पूरी टीम के साथ अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया। प्रशासन ने कोतवाली गेट से रेलवे स्टेशन तक आजमगढ़ मऊ मुख्य हुए अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया। इस मार्ग पर ठेला, पटरियों के दोनों तरफ सब्जी लगाकर एवं ऑटो चालकों द्वारा अपनी-अपनी ऑटो गाड़ी को सड़क के दोनों तरफ खड़ा कर पूरी तरह से अतिक्रमण कर लेते हैं। जिसके कारण सड़क सकरा हो जाता है और आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिसको देखते हुए प्रशासन ने पूरी टीम के साथ पटरियों के दोनों तरफ गोमती, ठेला सब्जी, ऑटो, बाइक, आदि लगाकर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस अभियान के दौरान उप जिला अधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक ने सड़क के दोनों तरफ के दुकानदारों को बुलाकर निर्देश दिया कि आज के बाद यदि दुकानों के सामने किसी भी प्रकार का वाहन थैला लगा हुआ पाया जाता है तो निश्चित रूप से आपके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। २२२

### बुलंदशहर जिले के शहजादपुर कनैनी गांव की तर्ज पर होगा योजना का कार्यान्वयन

# ओडीएफ प्लस में 147 गांव होंगे चकाचक, 110 करोड रुपए स्वीकृत

- शासन से स्वीकृति मिलने के बाद कार्रवाई में जुटा पंचायती राज विभाग

**केटी न्यूज/बलिया**

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ भारत मिशन के ओडीएफ प्लस के तहत चयनित 164 गांवों में से शासन ने 147 गांवों के लिए 110 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इन गांवों को ओडीएफ करने के लिए यहां कूड़ा संयंत्र स्थापित करने के साथ ही अन्य कार्य कराए जाएंगे। धन मिलने के बाद विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में यह गांव साफ-सुथरा दिखेंगे। वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश के 3582 ग्राम पंचायतों के 4723 राजस्व गांवों को ओडीएफ प्लस की उत्कृष्ट श्रेणी (मॉडल) के गांव बनाए जाने के लिए चिह्नित किया गया। इसमें जिले के 108 ग्राम पंचायतों के 164 गांवों को चिह्नित किया गया है। यह सभी गांव 5000 से अधिक आबादी वाले हैं। चिह्नीकरण में संबंधित राजस्व गांव के साथ ही इनकी ग्राम पंचायत के सभी राजस्व ग्रामों को सम्मिलित किया गया है।

**शहजादपुर कनैनी मॉडल को देखने जा चुकी है जिले की टीम :** इन गांवों में ओडीएफ स्थायित्व, ठोस और तरल अपशिष्ट, प्लास्टिक, गोबर इत्यादि के प्रबंधन के लिए निर्मित शौचालयों का समुचित उपयोग तय किया जाएगा। इसके अलावा, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, प्रयोग और रखरखाव, प्रत्येक ग्राम पंचायत में कूड़ा संग्रहण केंद्र, कूड़ा संग्रहण के लिए ई-रिक्शा वाहन, खाद गड्ढे, सोख्ता गड्ढे और कम से कम एक तालाब में गंदे और काले पानी के प्रवाह को रोकने की व्यवस्था, विकास खंड स्तरीय प्लास्टिक एकत्रीकरण एवं प्रबंधन केंद्र, गोबरधन, नाला/नाली, लीच पिट गतिविधियों का संचालन किया जाना है। यह सभी कार्य बुलंदशहर जिले के शहजादपुर कनैनी गांव की तर्ज पर होगा। जिले की टीम शहजादपुर कनैनी मॉडल को देखने जा चुकी है। इन गांवों का प्रस्ताव पंचायती राज विभाग की ओर से शासन को भेजा गया था। शासन की ओर से 147 गांवों की कार्ययोजना को स्वीकृति देते हुए 110 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है। शेष 17 गांवों की भी स्वीकृति जल्द आने की संभावना है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद पंचायती राज विभाग कार्रवाई में जुट गया है।

### जल्द ही धरातल पर उतरेगी योजना : डीपीआरओ

डीपीआरओ ने बताया कि इन गांवों में जमीनों की पड़ताल शुरू की गई है। जल्द ही यह परियोजना धरातल पर उतरेगी। डीपीआरओ यतेंद्र सिंह ने बताया कि ओडीएफ प्लस के तहत 147 गांवों की कार्ययोजना स्वीकृत हो चुकी है। शासन से धनराशि मिली है। इन गांवों में जमीन की पड़ताल करने का काम शुरू किया गया है।